**उद्योग विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**उद्योग सदन, 419, पटपड़गंज औद्योगिक एस्टेट, दिल्ली–110092**

फा0 सं0 1/सीआई/डीसीआई /नीति/552/2023/1610 दिनांक : 26.12.2023

**<u>सार्वजनिक सूचना</u>**

उद्योग विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ने दिल्ली का इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली डिजाइन, विनिर्माण तथा नवीनीकरण (ईएसडीएमआर) नीति 2022–27 का निर्माण करने का प्रस्ताव रखा है। नीति का उद्देश्य 'प्लग एवं प्ले' आधारभूत संरचना तथा कुशल जनशक्ति का प्रस्ताव देते हुए अनुकूल नीतिगत प्रोत्साहन के माध्यम से एक सुदृढ़ स्थानीय पारिस्थिति की तंत्र का सृजन करके दिल्ली को इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन, विनिर्माण, मरम्मत तथा नवीनीकरण हेतु पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। इससे निम्नलिखित अतिरिक्त उद्देश्यों को पूर्ण करने में सहायता मिलेगी:

(क) राज्य के भीतर नए प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर का सृजन करना।

(ख) देश के भीतर दिल्ली को उच्च मूल्य संवर्धित इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन, विनिर्माण, मरम्मत तथा नवीनीकरण हेतु पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करना; जिससे दिल्ली की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिले।

ईएसडीएमआर नीति 2022–27 का प्रारूप तैयार किया गया है तथा इसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली/भारत सरकार के आम जनता तथा हितधारक विभागों के सूचनार्थ उद्योग विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार की वेबसाइट/ईओडीबी पोर्टल पर अपलोड किया गया है।

ईएसडीएमआर नीति 2022–27 के प्रारूप पर सुझाव/इनपुट दिनांक 31 जनवरी 2024 सायं 5.00 बजे तक उद्योग विभाग की सिंगल विंडो पोर्टल <u>www.sws.delhi.gov.in</u> या वेबसाइट <u>www.industries.delhi.gov.in</u> पर आमंत्रित किए जाते हैं। किसी भी तकनीकी सहायता के लिए दूरभाष संख्या 011–44467923 पर संपर्क करें अथवा deshrajsingh@delhi.gov.in पर ई–मेल भेजें।

देशराज सिंह
26.12.2023
(देशराज सिंह)
उपायुक्त उद्योग(नीति)